TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

21 सितंबर 2024

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

ज्ञान आपको शक्ति देगा लेकिन चरित्र

आपको सम्मान देगा।

**ब्रूस ली**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

Saturday

## 21 सितम्बर

1. **अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस–** अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस प्रतिवर्ष 21 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिन विश्व शांति को समर्पित होता है। विशेष रूप से युद्ध और हिंसा खत्म करने तथा युद्धरत क्षेत्रों में अस्थायी संघर्ष विराम कराने और मानवीय राहत पहुँचाने की जरूरतों को रेखांकित करता है। भारतीय संस्कृति में तो प्राचीन काल से ही शांति पर जोर प्रदान किया जाता है।
2. **वर्ल्ड अल्जाइमर्स डे–** विश्व अल्जाइमर संगठन द्वारा प्रतिवर्ष 21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लाखों लोगों में इस रोग के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना हैं। अल्जाइमर एक ऐसी बीमारी है जिसमें याददाश्त और अन्य महत्वपूर्ण दिमागी काम करने की क्षमता नष्ट हो जाती है।




मधु प्रिया

# विश्व शांति दिवस 21 सितंबर




"विश्व शांति" का अर्थ केवल हिंसा न होना नहीं है, बल्कि ऐसे समाजों का निर्माण है,जहां सभी को यह अहसास हो कि वे आगे बढ़ सकते हैं और फल-फूल सकते हैं। हमें एक ऐसी दुनिया का निर्माण करना है, जहां सभी के साथ उनकी जाति, नस्ल, धर्म की परवाह किए बिना समान व्यवहार किया जाए। प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को दुनिया भर के सभी देशों और उनके नागरिकों के बीच में शांति और सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से "विश्व शांति दिवस" मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत 1982 से में हुई थी जिसकी थीम "राइट टू पीस ऑफ पीपल" रखी गई थी। साल 1982 से लेकर 2001 तक सितंबर महीने के तीसरे मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया जाता था। लेकिन साल 2002 से इसके लिए 21 सितंबर की तारीख तय की गई थी। तब से लेकर आज तक हर साल 21 सितंबर को ही विश्व शांति दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का एकमात्र उद्देश्य है कि दुनिया भर में शांति कायम रहे और किसी के बीच में झगड़ा लड़ाई ना हो। इस साल इस दिवस को मनाए जाने की थीम है "शांति के लिए कार्य #वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी महत्वाकांक्षा"। ये शांति के एक महान विषयों को प्रसारित करता है।




**भोला पासवान शास्त्री** *Bhola Paswan Shastri*, जन्म- 21 सितंबर, 1914, पूर्णिया ज़िला, बिहार; मृत्यु- 4 सितंबर, 1984, पटना, बिहार) भारतीय राजनीतिज्ञ और बिहार के आठवें मुख्यमंत्री थे। वह तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे- 22 मार्च 1968 से 29 जून 1968 तक, फिर 22 जून 1969 से 4 जुलाई 1969 तक और फिर तीसरी बार 2 जून 1971 से 9 जनवरी 1972 तक।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.09.2024

## बहुअर्थी शब्द

बहुअर्थी शब्दों का एक समूह वे हैं जिनमें किसी क्रियाकलाप का अर्थ रखने वाला शब्द, जो शायद क्रिया से निकला हो, उस क्रियाकलाप में लगे लोगों, या शायद क्रियाकलाप के परिणामों, या उस समय या स्थान के अर्थ को ग्रहण करता है जिसमें क्रियाकलाप घटित होता है या घटित हुआ है।

## रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**विश्व का लगभग 80% चीनी उत्पादन गन्ने से होता है, जबकि शेष 20% चुकंदर से प्राप्त होता है।**

राकेश कुमार







# चेस ओलिंपियाड



## 1924 में पहली बार खेला गया था चेस ओलिंपियाड

चेस ओलिंपियाड एक शतरंज टूर्नामेंट है, जिसमें दुनिया भर के देशों की टीमें हिस्सा लेती हैं। यह पहली बार 1924 में खेला गया। FIDE इस टूर्नामेंट का आयोजन करता है। यह टूर्नामेंट हर दो साल पर आयोजित किया जाता है। साल 2022 में पहली बार भारत में चेस ओलिंपियाड का आयोजन किया गया था। यह टूर्नामेंट चेन्नई में हुआ था।

सोवियत यूनियन के पास सबसे ज्यादा 18 गोल्ड मेडल हैं। अमेरिका और रूस दोनों के पास 6-6 गोल्ड हैं। COVID-19 के दौरान साल 2020 और 2021 में ऑनलाइन चेस ओलिंपियाड आयोजित किया गया था। भारत एक बार ब्रॉन्ज जीता है।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 462

## " वेलोड्रोम" किस खेल से संबंधित हैं?

A. मुक्केबाजी

B. साइक्लिंग

C.  टेनिस

D. बॉलीबॉल



www.teachersofbihar.org



# भोला प्रसाद शास्त्री

21 सितंबर 1914- 9 सितंबर 1984

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


21 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अंतर्राष्ट्रीय
शांति दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari



## 21 सितंबर

# अंतर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya